# राजस्थान सरकार
## स्वायत्त शासन विभाग राज. जयपुर

जी–3 राजमहल रेजीडेन्सी एरिया, सिविल लाईन्स फाटक सी–स्कीम, जयपुर।
टेलीफैक्स :– 0141–2222403, ई–मेलः–dlbrajasthan@gmail.com वेब साईटः– www.lsg.urban.rajasthan.gov.in

क्रमांक :– एफ 55( )Engg./CE/DLB/17/ 44268 दिनांक :– 10/08/17

**आयुक्त नगर निगम समस्त**
**आयुक्त नगर परिषद समस्त**
**अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका समस्त।**

विषयः– स्वच्छ सर्वेक्षण 2018 के संबंध में।
संदर्भः– विभागीय पत्र कमांक 40570–40781 दिनांक 27.07.2017 की निरंतरता में।

शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 4 जनवरी 2018 से "स्वच्छ सर्वेक्षण 2018" से सभी निकायों (191 ULBs) में सर्वे करवाया जावेगा। स्वच्छ सर्वक्षण 2018 मे राज्य की सभी नगर निकायों के जनप्रतिनिधियों अधिकारियों/कर्मचारियों को आपसी तालमेल से मिलकर कार्य कर राज्य के शहरों की बेहतर रेकिंग लाने हेतु अभी से तैयारियां करनी होगी।
भारत सरकार से प्राप्त Toolkit के आधार पर स्वच्छ भारत सर्वेक्षण 2018 मे निम्न नये पेरामीटर जोडे गये है।

1. एक लाख से अधिक जनसंख्या/राज्यों की राजधानी के 500 शहरो की रेकिंग All India level पर की जावेगी, जिसमें राज्य के 29 अमृत शहर सम्मिलित होंगे।
2. एक लाख से कम जनसंख्या वाले 3541 शहरों की रेकिंग State and Zone level पर की जावेगी जिसमें राज्य की 162 नगर निकाय सम्मिलित होंगी।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2018 के लिये निम्न प्रकार से Survey Methodology निर्धारित की गयी है।

| S.No | Survey Methodology | Weightage |
|---|---|---|
| 1. | Municipal Documentation | 35% |
| 2. | Direct Observation | 30% |
| 3. | Citizen Feedback | 35% |

स्वच्छ सर्वेक्षण 2018 के लिये Municipal Documentation हेतु कुल 1400 मार्क्स का बंटवारा निम्न प्रकार से किया गया है।

| S.No | Component | Weightage | Total marks |
|---|---|---|---|
| 1. | Collection &Transportation of solid waste | 30% | 420 |
| 2. | Processing &Disposal of solid waste | 25% | 350 |
| 3. | Sanitation: ODF | 30% | 420 |
| 4. | IEC & Behaviour Change | 5% | 70 |
| 5. | Capacity Building | 5% | 70 |
| 6. | Innovation & Best Practices | 5% | 70 |

स्वच्छ सर्वेक्षण 2018 के लिये Independent Validation हेतु उपरोक्त इन्डीकेटर्स की प्रगति सही नही होने के स्थिति में नेगिटिव मांर्किग का प्रावधान किया गया है।, जिसका विस्तृत विवरण सर्व Toolkit मे अंकित है।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2018 के लिये Direct Observation हेतु कुल 1200 मार्क्स का बंटवारा निम्न प्रकार से किया गया है।

| S.No | Component | Weightage | Total marks |
|---|---|---|---|
| 1. | Direct Observation | 30% | 360 |
| 2. | Citizen feedback | 35% | 420 |
| 3. | Service level progress | 35% | 420 |

स्वच्छ सर्वेक्षण 2018 के लिये Citizen Feedback हेतु कुल 1400 मार्क्स का बंटवारा निम्न प्रकार से किया गया है।

| S.No | Component | Weightage | Total marks |
|---|---|---|---|
| 1. | Direct Observation | 30% | 420 |
| 2. | Citizen feedback | 35% | 490 |
| 3. | Service level progress | 35% | 490 |

माननीया मुख्यमंत्री महोदया द्वारा राज्य मे स्वच्छ भारत मिशन की धीमी प्रगति एवं स्वच्छ सर्वेक्षण मे अच्छी पायदान पर नही रहने के कारण नाराजगी जाहिर की है। राज्य को खुले मे शौचमुक्त हेतु दिसम्बर 2017 का लक्ष्य निर्धारित किया है। राज्य के सभी वार्डो/शहरों को दिसम्बर 2017 से पूर्व खुले मे शौच से मुक्ति हेतु प्रत्येक निकाय को कार्य योजना बनाकर समयबद्व रूप से आवश्यक शौचालयों का निर्माण तेजी से करते हुये निर्धारित समयावधि में लक्ष्य हासिल करने हेतु अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। इसी प्रकार ठोस अपशिष्ठ प्रबन्धन के तहत घर–घर कचरा संग्रहण/ कचरे का परिवहन/प्रोसेसिंग एंव डिस्पोजल हेतु सभी आवश्यक कदम उठाने आवश्यक है।

राज्य के सभी वार्डो मे घर–घर कचरा संग्रहण के कार्य को तेजी से पूरा करना आवश्यक है, जिन वार्डो मे घर–घर कचरा संग्रहण पूर्ण होता जाता है, उनमें प्राथमिकता के आधार पर कचरे के स्त्रोत पर पृथक्कीरण हेतु, हरा डिब्बा (गिले कचरे हेतु) तथा नीला डब्बा (सुखे कचरे हेतु) प्रयोग मे लाकर गिले कचरे को सीधे ही प्रोसोगिंक प्लाट पर भेजा जाकर उसमे कचरे की मात्रा के आधार पर वर्मी कम्पोस्टीग, मेकेनिकल कम्पोस्टींग किया जाना आवश्यक है। कचरे से प्रोसोगिंक के उपरान्त बचे रिजेक्ट को सेनेटेरी लेण्डफिल साइट पर वैज्ञानिक तरिके से डिस्पोजल करना है।

स्वच्छता सर्वेक्षण 2018 हेतु प्रभावी कार्यवाही एंव तैयारियां प्रारंभ कर सभी घटकों पर आशातीत प्रगति करते हुये समयबद्व कार्यवाही करते हुये अच्छी रेकिंग लाने के प्रयास करने की आवश्यकता है। स्वच्छ सर्वक्षण 2018 हेतु भारत सरकार द्वारा Toolkit जारी किया गया है, जिसके अनुसार तैयारियां की जानी है।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2018 प्रगति की समीक्षा जिला स्तरीय समीक्षा एंव निगरानी समिति (DLRMC) तथा निकाय स्तर पर कमेटी की नियमित बैठक कर स्वच्छ सर्वक्षण 2018 मे अच्छे रेंक हासिल किये जाने मे सामुहित प्रयास किय जाने है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है, कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2018 हेतु उपरोक्तानुसार तैयारियां करते हुये अच्छी रैकिंग हेतु सतत प्रयास व्यक्तिगत रूचि लेकर आवश्यक कार्यवाही सम्पन्न करावें।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार (Toolkit)

(डॉ0 मनजीत सिंह)
प्रमुख शासन सचिव

क्रमांक :– एफ 55( )Engg./CE/DLB/ 16/ 44459-479 3/8/17 दिनांक :– 10/08/17

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. प्रमुख शासन सचिव माननीया मुख्यमंत्री महोदया, राजस्थान सरकार।

2. विशिष्ट सहायक माननीय मंत्री महोदय, स्वायत्त शासन विभाग।
3. निजी सचिव, सचिव, शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार उनके पत्र क्रमांक डी.ओ. नं. 15/12/2016– SBM-1 Dated 12-05-2017
4. ओ.एस.डी. मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार।
5. संयुक्त सचिव, मिशन निदेशक स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार।
6. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग।
7. निजी सचिव, मिशन निदेशक स्वच्छ भारत मिशन (शहरी)
8. जिला कलेक्टर समस्त।
9. निजी सचिव, निदेशक एवं संयुक्त सचिव स्वायत्त शासन विभाग।
10. निजी सहायक, अतिरिक्त निदेशक, निदेशालय।
11. निजी सहायक मुख्य अभियंता निदेशालय।
12. निजी सहायक मुख्य लेखाधिकारी निदेशालय।
13. उपनिदेशक क्षैत्रीय समस्त।
14. प्रोगामर निदेशालय विभागीय बेवसाईट पर अपलोड किया जाने हेतु।
15. सुरक्षित पत्रावली।

(पवन अरोड़ा)
निदेशक एवं संयुक्त सचिव